संक्षिप्त

महिला दिवस पर विमला देवी को किया पुरस्कृत

दूदू । अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में अंजलि महिला एवं बाल उद्यान संगठन ट्रस्ट के द्वारा आयोजित एक समारोह में वंचित समुदाय में महिला अधिकारों एवं आजीविका संवर्धन हेतु संघर्ष संस्थान की विमला देवी को पुरस्कार प्रदान किया गया। विमला देवी ने अति वंचित समुदाय में महिलाओं के संगठन निर्माण कर घरेलू हिंसा सामाजिक कुरीतियों आदि के प्रति जागरूकता का कार्य किया और उनको आजीविका से जोड़ने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री बाबूलाल नागर, पूर्व मंत्री ममता भूपेश सहित जनप्रतिनिधि, मीडिया कर्मी उपस्थित रहे। महिला दिवस के उपलक्ष्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाली सभी महिलाओं को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का आयोजन अंजलि महिला एवं बाल उत्थान ट्रस्ट द्वारा बंधे के बालाजी में किया गया।

घर-घर गूंज रही ईसर की महक

निवाई। शहर के श्री चारभुजाजी मंदिर सहित ग्रामीण क्षेत्र के सभी मंदिरों व घरों में नव विवाहित महिलाएं व कन्याएं सामूहिक रूप से गणगौर का पूजन कर रही है। उलेखनीय है कि आस्था और श्रद्धा के साथ धुलंडी के दिन से महिलाएं गणगौर का पूजन कर रही है। यह एक ऐसा महोत्सव है, जिसकी महक 16 दिन तक घर-घर के वातावरण को महकाती रहती है। श्री चारभुजाजी मंदिर सहित कई मंदिरों व घरों में महिलाएं व कन्याएं गणगौर का पूजन कर रही है। घरों में गौर गौर गौमती, ईसर पूजे पार्वती, गौर गौर माता गणगौर, गौर गौर गोमती, माता खोल खिडगी सहित कई गीतों की गूंज सुनाई देने लगी है।

महिलाओं को किया सम्मानित

सिरस। रक्षण परियोजना द्वारा संचालित आई पार्टनर इंडिया द्वारा देव पैलेस में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें गांव नाहरवाडी, श्योसिंहपूरा, सिरस व कोटखावदा की 25 महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्लस्टर कोर्डिनिटर हरपाल बैरवा ने संस्था परिचय देते हुए महिला समानता कविता के साथ किया। एडवोकेट जगदीश प्रसाद ने महिला अधिकार और घरेलू हिंसा अधिनियम, वेश्यावृत्ति निवारण अधिनिय, महिला तस्करी, यौन उत्पीडऩ की रोकथाम अधिनियम पर चर्चा कर विस्तार से जानकारी दी। महिला दिवस पर महिलाओं का माला पहनाकर स्वागत किया व उपहार वितरित किए गए। इस अवसर पर यूथ मोबिलाइजर सोनू कुमार, केशव छाडी, मुस्कान छाडी, शीतल नंदवाल व सोनू नंदवाल सहित कई महिलाएं मौजूद थी।

पूर्व मुख्यमंत्री राजे का जन्मदिन मनाया

टोंक। भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे के जन्म दिवस के अवसर पर रविवार को मुख्यालय स्थित कंकाली माता मंदिर परिसर में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं पूर्व

तीये की बैठक

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे आदरणीय **श्री नारायण बारेठ** सुपुत्र स्व. श्री अमर सिंह पूर्व सूचना आयुक्त, राजस्थान एवं वरिष्ठ पत्रकार का आकस्मिक निधन शनिवार 07.03.2026 को हो गया है जिनकी तीये की बैठक सोमवार 09.03.2026 को शाम 4 से 5 बजे तक अग्रवाल समाज, मालवीया नगर, श्री अग्रसेन मार्ग, सत्कार शॉपिंग सेन्टर के पास, मालवीय नगर, जयपुर पर होगी। **शोकाकुलः** प्रकाश देवी (पत्नी), भावना सिंह (पुत्री), देवांगिनी सिंह (नातिन), अनिरुद्ध सिंह आढा (दामाद), मंजु कंवर-सवाई सिंह (बहन-बहनोई), इंदर सिंह, गिरधर सिंह, बुध सिंह, महेश सिंह (भ्राता) एवं समस्त सामोर परिवार ठिकाना जोगलिया जिला चुरु संपर्कः 9829022383, 8962115899

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

समाजसेवियों की प्रतिमाएं आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देने का काम करती हैं : बेढम

- स्व. हेमसिंह भडाना व कर्नल किरोडी सिंह बैंसला की प्रतिमा का अनावरण व प्रतिभावान विद्यार्थियों और युवाओं को किया गया सम्मानित

अलवर। गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने रविवार को थानागाजी के टहला में देवनारायण मंदिर परिसर में आयोजित मूर्ति अनावरण, प्रतिभा सम्मान समारोह, मेला और भंडारे के कार्यक्रम में शिरकत कर पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व. हेमसिंह भड़ाना एवं गुर्जर समाज के प्रमुख नेता कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया।

इस दौरान जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर, पूर्व मंत्री शकुन्तला रावत, पूर्व विधायक रामहेत यादव, गजराज खटाना, बन्नाराम मीणा, डी.आर पटेल, मानसिंह गुर्जर, प्रेम पटेल, मूलचंदगुर्जर , शिवलाल गुर्जर, धीरेन्द्र खटाना, सुरेन्द्र भड़ाना सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

इस अवसर पर गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने संबोधन में कहा कि समाज के महान नेताओं और समाजसेवियों की प्रतिमाएं आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देने का काम करती हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़कर काम करना चाहिए, जिससे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार किया जा सके। उन्होंने कहा कि कर्नल किरोड़ी सिँह बैंसला के सामाजिक योगदान चीर स्मरणीय रहेगा।

उन्होंने कहा कि महापुरुषों के जीवन चरित से सीख लेकर उन्हें आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री हेमसिंह भडाना स्वभाव से सरल, सतत समर्पण एवं विषम परिस्थितियों में काम करने वाले व्यक्ति के रूप में अपनी पहचान रखते थे। उन्होंने थानागाजी क्षेत्र के विकास को आगे बढाते हुए वंचित व अंतिम पंक्ति के लोगों को आगे लाने के लिए निरन्तर सकारात्मक भाव से काम किया।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार किसान, युवा, महिला व गरीब को आगे बढाने के लिए कृतसंकल्पित होकर काम कर रही है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने शिक्षा, खेल और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों और युवाओं को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि कडी मेहनत और दृढसंकल्प से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। अत: युवा अपना लक्ष्य निर्धारित कर अपने माता-पिता के सपनों को साकार करें। कार्यक्रम में कृष्णा हेम सिंह भड़ाना ने अतिथियों का आभार जताया।

कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में मेले का भी आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। इसके साथ ही श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था की गई, जिसमें बडी संख्या श्रृद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय हेमसिह भडाणा की प्रतिमा का अनावरण कर हाथ जोड़कर नमन किया।

रारह की सरपंच कुसुम सिंह का राष्ट्रीय मंच पर चयन

भरतपुर। डीग जिले की ग्राम पंचायत रारह की प्रशासक/सरपंच कुसुम सिंह का चयन भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय द्वारा आयोजित महिला पंचायत प्रतिनिधियों के राष्ट्रीय सम्मेलन में महिला बीकन लीडर के रूप में किया गया है। यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मेलन 11 मार्च 2026 को नई दिल्ली में आयोजित होगा, जिसमें देशभर के प्रत्येक राज्य से चयनित महिला सरपंच भाग लेंगी। विशेष बात यह है कि राजस्थान राज्य से इस सम्मेलन में भाग लेने वाली एकमात्र महिला सरपंच के रूप में ग्राम पंचायत रारह की सरपंच कुसुम सिंह का चयन किया गया है। राजस्थान सरकार के पंचायती राज विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार ग्राम पंचायत स्तर पर प्रभावी नेतृत्व, जनकल्याणकारी कार्यों तथा ग्रामीण विकास में सक्रिय भूमिका को देखते हुए कुसुम सिंह को राजस्थान राज्य की ओर से इस राष्ट्रीय सम्मेलन में नामांकित किया गया है। यह चयन न केवल ग्राम पंचायत रारह बल्कि पूरे डीग जिले के लिए अत्यंत गौरव का विषय माना जा रहा है।

'समाज को नई दिशा देने के प्रयास करें'

- 1 मई को छात्रावास में होगा सामूहिक विवाह सम्मेलन,
- 51 जोडों का लक्ष्य
- 8 जोड़ों का हुआ रजिस्ट्रेशन

निवाई। अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में हरियाणा गौड़ ब्राह्मण छात्रावास में सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर जिलाध्यक्ष बद्रीनारायण शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरधीचंद शर्मा ने कहा कि समय-समय पर अपने विचार एवं अपनी भावनाओं से अवगत करवाते हुए समाज को नई दिशा देने के प्रयास करें। उन्होंने कहा कि विवाह सम्मेलन में भामाशाह तन, मन व धन का सहयोग करके सम्मेलन को सफल बनाएं।

राष्ट्रीय महामंत्री सीताराम आलियाबाद ने बताया कि 1 मई को छात्रावास में सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन होगा। सम्मेलन को लेकर 51 जोडों का लक्ष्य रखा गया है। जोड़ों का रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया है। बैठक में 8 जोड़ों का रजिस्ट्रेशन किया गया। उन्होंने बताया कि सम्मेलन को लेकर तैयारियां जोर-शोर पर चल रही है।

जिलाध्यक्ष बद्रीनारायण सूरिया, महामंत्री मांगीलाल महाराजपुरा व जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मीचन्द शर्मा ने बताया कि सम्मेलन में वर-वधु के तोरण के लिए अलग से पांडाल तैयार किए जाएंगे। सामूहिक विवाह सम्मेलन में पूछताछ कार्यालय, चिकित्सा व्यवस्था, पाणिग्रहण संस्कार, जनकपुरी, अयोध्यापुरी, भोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए अलग-अलग विशाल पांडाल बनाए जाएंगे। स्वागत द्वार भी सजाया जाएगा। 1 मई को सुबह निकासी निकाली जाएगी। उसके बाद तोरण व वरमाला कार्यक्रम होगा। उसके पश्चात जोडों का पाणिग्रहण संस्कार संपन्न होगा। इसके बाद आशीर्वाद समारोह का आयोजन होगा। जिसमें अतिथि सम्मान समारोह, आशीवार्द समारोह, विदाई समारोह व स्नेह भोज सहित कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। बैठक में सामूहिक विवाह सम्मेलन के पोस्टर का निमोचन किया गया।

इस अवसर पर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरधीचंद शर्मा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष शंभूलाल कुईवाले, प्रदेशाध्यक्ष रामनारायण काजला, सहकोषाध्यक्ष गोपाललाल शर्मा, टोंक तहसील अध्यक्ष प्रेमनारायण शर्मा, तहसील अध्यक्ष गोपीलाल शर्मा, रामपाल सिंगवाडिया, छात्रावास समिति अध्यक्ष सियाराम भौंगा, पूर्व अध्यक्ष ब्रजमोहन शर्मा, जिला महामंत्री मांगीलाल शर्मा, राधेश्याम सिंगवाडिया, मदन आलियाबाद, रामावतार भौंगा, एडवोकेट हनुमान शर्मा, मुकेश चैनपुरा व हनुमान महाराजपुरा सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन

कोटपूतली। प्रजापति विकास समिति के तत्वाधान में रविवार को राजा दक्ष प्रजापति छात्रावास में होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता गंगाराम प्रजापत ने की। इस मौके पर सभी सदस्यों ने सर्व सहमति से निर्णय लिया कि आगामी बैठक 18 मार्च अमावस्या को राजा दक्ष प्रजापति छात्रावास में की जायेगी। प्रजापति छात्रावास समिति को बने हुये लगभग 2.5 वर्ष हो गये, 2023 से अब तक समिति ने छात्रावास का संचालन किया हैं, जिसमें समिति ने आय व्यय का रिकॉर्ड भी तैयार किया होगा, लेकिन छात्रावास समिति ने आज तक आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत नहीं किया हैं। राजा दक्ष छात्रावास समिति अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी ने आगामी 18 मार्च को आय व्यय का रिकॉर्ड व प्रबंधन व्यवस्था के बारे में रिकॉर्ड लेकर अध्यक्ष एवं पदाधिकारी के साथ छात्रावास उपस्थित होने की बात कही। इस मौके पर हाल ही में नवनिर्वाचित प्रजापति महासंगठन के कोषाध्यक्ष नरेश प्रजापत व उपाध्यक्ष रामकरण प्रजापत का स्वागत किया गया।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

अलवर । अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को प्रताप ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में हनुमानगढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह का लाइव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के उद्बोधन को तन्मयता से सुना तथा राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लाडो प्रोत्साहन योजना पोर्टल और साथिन डिजिटल मार्गदर्शिका को भी लांच किया ।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला सहित अतिथियों द्वारा पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान योजना 2026 के अंतर्गत रामगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत ढाढोली निवासी ज्योति रानी को सर्वश्रेष्ठ साथिन के रूप में 11 हजार रुपए की पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी प्रकार माता यशोदा पुरस्कार से 9 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को 5100-5100 रुपए एवं 9 सहायिका को 2100-2100 रुपए पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सोनम सिंह, उषा शर्मा, सुनीता रानी, सुनीता गुप्ता, अनीता शर्मा, धुड़ी देवी, इंदू, फरमीना, सुनीता जाटव एवं सहायिका सरोज गुप्ता, कांता देवी, अफरोज खान, चंदा टांक, संगीता यादव, अनीता मीणा, सोमवती, अनीता यादव, भावना शर्मा को सम्मानित किया गया।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिलाओं को पुरस्कार से सम्मानित किया।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विचार-संगोष्ठी का आयोजन

अलवर/जयपुर । अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति अलवर ने अन्य बिरादराना संगठनों के साथ मिलकर महिला सम्मान एवं महिला समानता के प्रतीक पर्व अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का उत्सव मनाया। इस अवसर पर एक विचार-संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति, अखिल भारतीय किसान सभा, क्रांतिकारी मजदूर संगठन सीटू , अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन, ई-रिक्शा यूनियन के नेतृत्वकारी साथी तथा कार्यकर्ता साथी शामिल हुए। जनवादी महिला समिति की प्रांतीय कोषाध्यक्ष रईसा ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के इतिहास तथा महत्व के बारे में बताया। जनवादी महिला समिति की जिला सचिव अनीता ने बताया कि वर्तमान राजनीतिक और सामाजिक परिस्थितियों में हमें एक बेहतर और समतामूलक समाज बनाने के लिए सामूहिक रूप से मिलकर साझा प्रयास करने होंगे। सीटू के जिलाध्यक्ष साथी मोहनसिंह राघव ने इस अवसर पर सबका सम्मान करते हुए कहा कि हमें साम्राज्यवादी शक्तियों द्वारा दूसरे देशों पर युद्ध थोपने का विरोध करते हैं क्योंकि युद्ध का सबसे ज्यादा खामियाजा महिलाएं एवं बच्चे भुगतते हैं।

अखिल भारतीय किसान सभा के साथी महेन्द्रसिंह ने सबको अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए महिला किसानों की समस्याओं पर चर्चा की और उनकी बेहतरी के लिए साझा संघर्ष की बात कही। ई-रिक्शा यूनियन के जिलाध्यक्ष साथी हरीश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी यूनियन ने महिला दिवस के अवसर पर निर्णय लिया है कि रात आठ बजे के बाद यूनियन के किसी साथी को कोई भी अकेली तथा परेशान महिला मिलेगी तो उसके घर का पता कर उसे घर या पुलिस के संरक्षण में पहुंचाएगा।

'जब महिला सशक्त होगी तभी परिवार, समाज और राष्ट्र सशक्त होगा'

- पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली ने कहा कि लखपति दीदी योजना के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक संबल प्रदान किया जा रहा है

भरतपुर (निस)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को बीडीए ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान हनुमानगढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह से माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का वर्चुअल संबोधन भी प्रसारित किया गया।

संभागीय आयुक्त नलिनी कठोतिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि एक शिक्षित महिला अपने परिवार के साथ-साथ समाज और देश के निर्माण में भी अतुलनीय योगदान दे सकती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं के उत्थान के लिए शिक्षा और आर्थिक उन्नयन के पहलुओं पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि महिलाएं शक्ति ही राष्ट्र शक्ति है और जब महिला सशक्त होगी तभी परिवार, समाज और राष्ट्र सशक्त होगा।

जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने कहा कि हमारी बेटियां हीरा हैं और यह बात बेटियों ने यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा के हाल ही में घोषित परिणामों में अपनी प्रतिभा से साबित की है। जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा ने कहा कि आज की नारी केवल घर तक सीमित नहीं है, बल्कि राजनीति, प्रशासन, शिक्षा, विज्ञान, खेल, सेना और व्यापार सहित हर क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर रही है। पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली ने कहा कि लखपति दीदी योजना के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक संबल प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने सुझाव दिया कि जिला प्रशासन द्वारा भरतपुर जिले में इस योजना के अधिकतम लाभ के लिए डोर-टू-डोर जागरूकता अभियान चलाया जाए।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जिला स्तरीय महिला सम्मेलन आयोजित हुआ।

सार-समाचार

गंगूपुरा में शीतला माता की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा, श्रद्धालुओं में उत्साह

पावटा। खेलना के ग्राम गंगूपुरा में रविवार को श्रद्धा और भक्ति के माहौल में शीतला माता की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नव निर्मित चबूतरे पर मूर्तियों की विधिवत स्थापना कर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न करवाए गए। कार्यक्रम रविवार, 8 मार्च 2026 को दोपहर 12:15 बजे आयोजित हुआ, जिसमें वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पं. कपिलेश शास्त्री खेलना द्वारा मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा करवाई गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर माता शीतला से सुख-समृद्धि की कामना की। बताया गया कि मंदिर परिसर में बने चबूतरे का निर्माण भालचंद जांगिड़ एवं रामचंद्र जांगिड़ के सहयोग से करवाया गया। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और भक्ति भाव के साथ आयोजन में सहभागिता निभाई। इस मौके पर पं. लालचंद शर्मा, रमेश सैन, केदार सैन, महेश जांगिड़, रामनिवास जांगिड़, बबलू जांगिड़, दिनेश जांगिड़, मनीष जांगिड़ और अरुण शर्मा सहित ग्राम गगूपुरा के अनेक ग्रामीण और महिलाएं उपस्थित रहीं। धार्मिक अनुष्ठान के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान गांव में भक्तिमय वातावरण बना रहा और ग्रामीणों ने माता शीतला के जयकारों के साथ आयोजन को सफल बनाया।

जमवारामगढ़ क्षेत्र में दो दिवसीय परियोजना का आयोजन रहेगा

मनोहरपूर। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (2.0) अंतर्गत पंचायत समिति जमवारामगढ़ क्षेत्र में स्वीकृत परियोजना के विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन निर्माण हेतु 2 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम में 09 एवं 10 मार्च को ग्राम पंचायत दताला मीणा आयोजित होगी। दिनांक 10 मार्च को ग्राम पंचायत ढंताला मीणा, पंचायत समिति जमवारामगढ़ में उद्घघाटन समारोह, परियोजना प्रस्तुतीकरण एवं प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे। जिससे अधिक से अधिक किसानों को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनाओं का लाभ मिल सके। निर्माण प्रक्रिया एवं क्षेत्रीय विकास के लिए प्रेरणादायक रहेगी।एनिकट निर्माण कार्य,सब सरफेस बेरियर,मिनी परकोलेशन टैंक, परकोलेशन टैंक,सकने पोंड, रिचार्ज शाफ़्ट, अर्दन वैक, के अन्तर्गत टिन शेड निर्माण आज पीआए, फील्ड सर्व, संरचनाओं की जियो -टैगिग की जाएगी जिसमें किसानों की सहयोग अपेक्षा की जाएगी।मुख्य अतिथि जमवारामगढ़ विधायक महेंद्रपाल मीणा, जयपुर जिला कलेक्टर डॉ जितेन्द्र कुमार सोनी, निदेशक एवं पदेन संयुक्त शासन सचिव जलग्रहण विकास एवं भू- संरक्षण विभाग (आईएएस) मुहम्मद जुनैद , अतरिक्त मुख्य अभियंता पदेन परियोजना प्रबंधक वाटरशैड सैल दिनेश कुमार एवं जमवारामगढ़ के अधिशाषी अभियंता, सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता,जल ग्रहण विकास समिति के सचिव सहित जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण के उच्च अधिकारी मौजूद रहेंगे।

यूजीसी के काले नियमों के विरोध में सवर्ण समाज की बैठक आयोजित

पावटा। उपखंड पावटा मुख्यालय के सीताराम मंदिर में सवर्ण समाज की रविवार को यूजीसी के विरोध में बैठक आयोजित की गई, जिसमें पावटा में आयोजित 16 मार्च को यूजीसी के काले कानून के विरोध में गो बैक के लिए सवर्ण समाज पावटा द्वारा अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में राजपूत महासभा पावटा से रतिपाल सिंह, सवाई सिंह, अग्रवाल महासभा पावटा वरिष्ठ दौलतराम अग्रवाल, अध्यक्ष बलदेव गोयल, महामंत्री पंकज जिंदल, कोषाध्यक्ष अमित पंसारी, उमाकांत बंसल, ब्राह्मण महासभा पावटा नगर उपाध्यक्ष गजानंद बोहरा, सचिव दीपक पटेल, संगठन मंत्री गिरिराज बोहरा, वरिष्ठ सुरेश शर्मा, एडवोकेट विष्णु पटेल, नरेंद्र गौड़, सुनील बोहरा, ओमप्रकाश शर्मा, योगेश शर्मा, विकास शर्मा, सांवरमल बोहरा, रामशरण बोहरा, लक्ष्मीकांत शर्मा, विशाल शर्मा सहित सवर्ण समाज के लोग मौजूद रहे।सवर्ण समाज के लोगों ने रविवार को पावटामें आयोजित महाआक्रोश रैली मैं सम्मिलित होने के लिए सवर्ण समाज के लोगों से जनसंपर्क करने पर विचार किया। सवर्ण समाज के गणमान्य लोगों ने 16 मार्च सोमवार को यूजीसी एक्ट के खिलाफ पावटा रामलीला मैदान में होने वाली महाआक्रोश रैली मैं अधिक से अधिक संख्या में जाने का आश्वासन दिया।जहां एक सभा के आयोजन के साथ रैली के माध्यम से मुख्य बाजारों से होते हुए उपखंड कार्यालय पहुंचकर उपखंड कार्यालय पावटा पहुंचकर उपखंड अधिकारी को यूजीसी के काले कानून के विरोध में गो बैक के लिए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

तरुण बुटोलिया की निर्मम हत्या के मामले में लिखा पत्र

चौमूं / कालाडेरा । पूर्व विधायक और भाजपा के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता रामलाल शर्मा ने दिल्ली के उत्तम नगर क्षेत्र में हुई एक हृदयविदारक घटना पर गहरा रोष व्यक्त किया है। उन्होंने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को पत्र लिखकर दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का आग्रह किया है। पत्र के अनुसार, होली के पावन पर्व पर दिल्ली की जे.जे. कॉलोनी, उत्तम नगर में मात्र एक रंग का गुब्बाटा गिरने के मामूली विवाद में 26 वर्षीय युवक तरुण बूटोलिया की पीट-पीटकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। तरुण मूल रूप से राजस्थान के चौमूँ (जिला जयपुर) का निवासी था। तरुण को बचाने आए उसके पिता मामराज बुटोलिया और चाचा रमेश कुमार को भी हमलावरों ने गंभीर रूप से घायल कर दिया। मृतक के परिजनों का आरोप है कि हमलावरों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया और घर में घुसकर तोड़फोड़ व मारपीट की। पूर्व विधायक शर्मा ने इस घटना को एक विशेष समुदाय की बढ़ती जिहादी मानसिकता और अपराधिक मनोवृत्ति का प्रमाण बताया है। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री से मामले की निष्पक्ष और त्वरित जांच सुनिश्चित करने,घटना में शामिल सभी दोषियों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए और पीड़ित परिवार को उचित आर्थिक सहायता प्रदान की जाए ताकि उन्हें संबल मिल सके।

वसुंधरा राजे को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी

मनोहरपूर। राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित कई राजनीतिक हस्तियों ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी।वसुंधरा राजे ने अपना जन्मदिन जैसलमेर के तनोट माता मंदिर में पूजा-अर्चना करके मनाया।

राजे के जन्मदिवस पर सेवा कार्यो का आयोजन

कोटपूतली। राजस्थान सेवानिवृत कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष, भाजपा नेता व वसुंधरा राजे समर्थक मंच राजस्थान प्रदेश उपाध्यक्ष पं. बृजमोहन शर्मा के नेतृत्व में वसुंधरा राजे समर्थक मंच युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रिंस शर्मा द्वारा राजे का 73 वाँ जन्मदिवस मनाया गया। इस मौके पर विभिन्न सेवा कार्यो का आयोजन किया गया। साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की दीर्घायु व उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना की गई।

पूर्व सीएम वसुंधरा राजे के कार्यकाल में युवाओं, किसानो, समेत प्रत्येक वर्ग के लिये उन्नित और प्रगति प्रदान की गई। संविदाकर्मियों को स्थाई किया गया, बेरोजगार को रोजगार दिया गया।

इस दौरान युवाओं ने बालाजी व शिव मंदिर में साफ-सफाई कर भगवान की पूजा अर्चना भी की।

चुनाव सूचना

अग्रवाल समाज सेवा समिति, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर के द्विवार्षिक चुनाव (2026-28) दिनांक 29.03.2026 रविवार को किया जाना निश्चित हुआ है। नामांकन करने की अंतिम तिथि 15.03.2026 (सायं 5.00 बजे तक) है। समिति द्वारा प्रकाशित मतदाता सूची एवं विस्तृत चुनाव कार्यक्रम कार्यालय पर उपलब्ध है।

गिर्राज प्रसाद गुप्ता, चुनाव अधिकारी

NAME CHANGE

i army no 3003567K Ex NK Gajendra Singh gurjar resident of village post paota tehsil mahwa district dausa jaipur that I want to change my spouse name from NEERAJA SINGH To NEERAJA KUMARI vide affidavit dated 5/3/26 before sub majistrate mahuwa dausa

कार्यालय उपायुक्त हवामहल-आमेर जोन
नगर निगम जयपुर
(चौगान स्टेडियम के पास, गणगौरी बाजार, जयपुर)
Email ID: dchmw.jmc@gmail.com Phone No. 0141-2329953
क्रमांक :- F51() Dept.Comm./H.M.A.Z/2026/2244 दिनांक : 6.3.2026

-: सार्वजनिक सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती ललीता देवी अग्रवाल पत्नी श्री मोहन लाल अग्रवाल निवासी 136, हरि मार्ग मालवीय नगर जयपुर द्वारा भूखण्ड संख्या-25-सी, गोविन्दपुरी इस्ट रामगढ मोड जयपुर जिसका क्षेत्रफल 167.28 वर्ग मीटर है का पट्टा चाहने हेतु आवेदन किया गया है। जिसमें आवेदक द्वारा आवेदन-पत्र, शपथ-पत्र, सोसायटी का आवंटन पत्र, नक्शें की प्रति, सोसायटी रसीद एवं अन्य स्वामित्व संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत किए गए है। अतः उक्त के संबंध में किसी व्यक्ति / सरकारी / गैर सरकारी संस्था या अन्य को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता को लिखित में सूचित करे। मियाद गुजरने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त हवामहल-आमेर जोन नगर निगम जयपुर